53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.4°c अधिकतम 37.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:50, सूर्यास्त - 6:47 | वर्ष : 53/ अंक : 105 | बृहस्पतिवार, 17 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

आप सही हो सकते हो, लेकिन मात्र आपके सही होने से, सामने वाला गलत नहीं हो सकता।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

ईडी का कोई औचित्य नहीं ऐसा विभाग समाप्त कर देना चाहिए : अखिलेश यादव



इस बात पर कितने नेता आपके साथ हैं.... और कौन-कौन से?.........

# बेटी की मौत के सदमे में पिता ने भी तोड़ा दम

**▶ दोनों की एक साथ उठी अर्थी, हुआ अंतिम संस्कार ▶ शाहपुर क्षेत्र के गांव बरवाला में हुई घटना से माहौल हुआ गमगीन**



**शाहपुर, 16 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र के गांव बरवाला में 23 वर्षीय युवती की मृत्यु के सदमे से 60 वर्षीय पिता ने भी दम तोड़ दिया। बुधवार को गांव में गमगीन माहौल में बाप बेटी दोनों का अंतिम संस्कार किया गया।

थाना क्षेत्र के गांव बरवाला निवासी 60 वर्षीय रामप्रसाद अपने परिवार के साथ भट्टे पर मजदूरी करता था। उसकी करीब 23 वर्षीय बेटी पिंकी पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। मंगलवार की देर शाम उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे मुजफ्फरनगर अस्पताल ले गए, जहां रात्रि करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई। बताया गया कि मृतक युवती का शव गांव में पहुंचा, तो पिता को बेटी की मौत होने से गहरा सदमा लगा और करीब चार घंटे बाद रात्रि तीन बजे 60 वर्षीय रामप्रसाद ने भी दम तोड़ दिया। बाप बेटी की मौत से गांव में शोक व्याप्त हो गया। बुधवार को गांव में स्थित श्मशान घाट में बाप बेटी दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक राम प्रसाद के बड़े पुत्र 32 वर्षीय प्रवीण की भी बीमारी के चलते मौत हो गई थी, जबकि उसका छोटा बेटा 20 वर्षीय मिथुन भी अक्सर बीमार रहता है। बाप बेटी की मौत की सूचना पर जिला पंचायत सदस्य सत्येंद्र बालियान सहित कई गणमान्य लोग मृतक बाप बेटी के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि मृतक राम प्रसाद के परिवार की आर्थिक हालात बेहद खराब है। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी।

## शाहनवाज के समधी मौहम्मद गाजी पहुंचे मंडी थाने



**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** जिला कारागार में पूर्व विधायक शाहनवाज राना से बरामद मोबाइल के मामले में नई मंडी कोतवाली पुलिस ने उनके समधी एवं बिजनौर जनपद के बढ़ापुर विधानसभा से पूर्व विधायक को नोटिस भेजा गया था। बुधवार को पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी नई मंडी थाने पर पहुंचे थे, जहां उनसे पूछताछ की गयी। आपको बता दें कि मौहम्मद गाजी के नौकर ने उन्हें अपनी आईडी पर सिम उपलब्ध कराया था। पुलिस ने इस मामले में मौहम्मद गाजी को मुल्जिम बना लिया है। आपको बता दें कि जीएसटी चोरी के मामले में 5 दिसम्बर से पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के पृथकवास बैरक से चेकिंग के दौरान मोबाइल बरामद किया गया था। इस संबंध में थाना नई मंडी में जेलर की तरफ से पूर्व विधायक शाहनवाज राना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी थी। पुलिस की जांच में सामने आया कि मोबाइल में प्रयोग हो रहा सिम आमिर निवासी समना सराय शेरकोट की आईडी पर लिया गया था। जांच में पाया गया कि उक्त सिम आमिर पूर्व विधायक शाहनवाज राना के समधी एवं बढ़ापुर विधानसभा से पूर्व विधायक मो. गाजी के यहां नौकरी करने वाले नौकर का निकला। उसके बाद पुलिस ने मो. गाजी को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। बुधवार मो. गाजी अपना पक्ष रखने के लिए नई मंडी थाने पर पहुंचे। पुलिस ने उनसे घंटो पूछताछ की। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि मो. गाजी ने अपने नौकर आमिर की आईडी पर कूटरचित तरीके से सिम निकलवाया था, क्योंकि नौकर की आइडी उसके पास पहले से रखी हुई थी। उसके बाद सिम को पूर्व विधायक शाहनवाज राना के परिवार को भेजा गया था। कुछ दिन शाहनवाज के परिवार के एक व्यक्ति ने इस सिम का प्रयोग किया। जिसके बाद जिला कारागार में शाहनवाज को सिम मुलाकात के दौरान उपलब्ध करा दिया गया। सिम के बारे में मो. गाजी के नौकर को कोई जानकारी नहीं दी गयी। एसपी सिटी ने बताया कि मोबाइल प्रकरण में मो. गाजी को मुल्जिम बनाया गया है। इस मुकदमे में कूटरचित तरीके से सिम उपलब्ध कराने व धोखाधड़ी की धाराएं बढ़ाई जा रही हैं।

## डॉ. सुनील चौधरी को जान से मारने की धमकी मामले में मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** आइएमए अध्यक्ष एवं बालाजी चौक स्थित वरिष्ठ हड्ड़ी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील चौधरी को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी मिली है। नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू दी है। डा. सुनील चौधरी का बालाजी चौक के पास रामाकृष्ण हॉस्पिटल के नाम से क्लीनिक है और वह आइएमए के अध्यक्ष है। दिल्ली के ग्रीन पार्क की मुख्य मार्केट में उनकी संपत्ति है, जिसमें धर्मपाल को किराए पर रहते हैं। तीन माह का किराया नहीं देने पर उन्होंने विगत 25 मार्च की रात को धर्मपाल के मोबाइल पर काल की थी। उन्होंने धर्मपाल से किराया देने के लिए कहा था। आरोप है कि किराया मांगने पर धर्मपाल ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और धर्मपाल ने किराया देने से इन्कार कर दिया। इसके बाद डॉ. सुनील चौधरी काम से विदेश चले गए थे। वहां से लौटने के बाद उन्होंने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने इस मामले में नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। जांच शुरू कर दी गयी है।

## खेत में पत्ती जला रहे वृद्ध की आग की चपेट में आकर दर्दनाक मौत

**बुढाना, 16 अप्रैल (बु.)।** अपने खेत में गन्ने की पत्ती जला रहे एक वृद्ध की आग की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर पूरे गांव की शोक की लहर है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी लगभग 56 वर्षीय मंगता राणा बीती मंगलवार की देर शाम गांव उमरपुर में स्थित अपने खेत में अकेला ही ईंख कटने के बाद खेत में पड़ी हुई पत्ती को फूंक रहा था कि अचानक से उसके कपड़ों में पत्ती की आग छू गयी और वो आग की चपेट में आकर दर्द होने पर चिल्लाने लगा तो उस वक्त उसकी मदद को कोई नहीं आया और वह काफी हद तक जल गया। उसके शोर शराबे के चलते मौके पर अपने खेतों पर मौजूद अन्य किसानों ने मौके पर आकर किसान मंगता को जख्मी हालत में देख उसके परिजनों को मौके पर बुलाया और उसे नजदीकी हस्पताल में भिजवाया जहां पर उसको चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों में घटना को लेकर कोहराम मच गया। देर रात मंगता राणा को गांव के ही कब्रिस्तान में ही सुपुर्दे खाक कर दिया गया। घटना को लेकर पूरे गांव में शोक है। लोगों का कहना है कि अगर मंगते के पास घटनास्थल के समय कोई घर का या कोई और होता तो उसकी मौत ना होती, लेकिन समय पर लोगों का ना आना और उसका 90 प्रतिशत जल जाने के कारण समय पर उपचार न मिल पाने के कारण ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना मृतक के परिजनों ने बुढ़ाना पुलिस को भी दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराना चाहा लेकिन परिजनों ने मना कर दिया।

### अधिवक्ता को कार ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचे

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** सिटी कोतवाली के जिला अस्पताल के निकट तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक चालक को नीरज ऐरन पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम ऐरन निवासी पटेल नगर को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार नीरज ऐरन एडवोकेट को गंभीर चोट आई, जिनको तुरंत स्थानीय लोगों द्वारा के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। उनके परिवार के लोगों बताया कि एक अज्ञात कार उनका पीछा कर रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी कार ने नीरज ऐरन को टक्कर मारी है।











## पंजाबी बैसाखी मेला एवं म्यूजिक नाइट में जमा रंग

मंगलवार को पंजाबी बैसाखी मेला एवं म्यूजिक नाइट में कार्यक्रम का उद्घाटन करते गणमान्य अतिथि, व रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान व कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का स्वागत करते समिति पदाधिकारी।

विस्तृत समाचार पृष्ठ-2 पर पढ़ें।

## एमडीए ने फुलत में 21 बीघा भूमि पर हो रही अवैध प्लॉटिंग पर चलाया बुलडोजर



**खतौली, 16 अप्रैल (बु.)।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा खतौली तहसील क्षेत्र के गांव फुलत में इक्कीस बीघा भूमि में हो रही अवैध प्लॉटिंग को बुल्डोजर द्वारा ध्वस्त करने की कार्यवाही की गयी। मिली जानकारी के अनुसार एमडीए की उपाध्यक्ष कविता मीना के आदेशानुसार विकास कार्यालय के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता सहित विकास प्राधिकरण टीम पुलिसबल के साथ तहसील क्षेत्र के गांव फुलत पहुंची। इस दौरान टीम द्वारा गांव क्षेत्र में लगभग 21 बीघा भूमि पर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत किये बिना उक्त भूमि पर भू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से की जा रही प्लॉटिंग की कार्यवाही पर प्राधिकरण द्वारा नोटिस जारी करने के बाद भी प्लॉटिंग किये जाने पर प्राधिकरण टीम द्वारा बुलडोजर से भूमि पर अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। प्राधिकरण द्वारा की गयी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से भू-स्वामियों में खलबली मच गयी। इस दौरान प्राधिकरण के एक्सईएन विनीत अग्रवाल ने बताया कि शीघ्र ही क्षेत्र में अवैध निर्माण कार्यों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का क्रम जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि विकास प्राधिकरण की लापरवाही के कारण जहां तहसील क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध प्लॉटिंग का कार्य धड़ल्ले से हो रहा है। नगर क्षेत्र के लोगों की शिकायतों के बाद भी जहां विकास प्राधिकरण पता नहीं किन कारणो से कार्यवाही करने में शिथिलता बरत रहा है वहीं कार्यवाही न होने के चलते भू माफिया बेखाफ होकर मोटा मुनाफ कमा रहे हैं। प्राधिकरण विभाग खुले रूप से निर्मित हो रही अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही के नाम पर मात्र कार्यवाही करने के दावों तक ही सीमित बना दिखाई पड़ रहा है।

## हत्या के मामले में पुलिस ने किये तीन सगे भाई गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव ककरौली में महिला की अश्लील वीडियो बनाने के शक में कैडी गांव में श्यामलाल की घर में घुसकर हत्या करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपियों में तीन सगे भाई है। श्यामलाल के भांजे पर एक आरोपी की पत्नी का अश्लील वीडियो बनाने का आरोप था।

एसपी देहात आदित्य बंसल ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि मंगलवार की देर रात ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कैड़ी में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट की सूचना मिली तो मौके पर पुलिस पहुंची, जिसमें कुछ लोगों ने श्यामलाल के घर में घुसकर उस पर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला किया हुआ था। बताया जाता है कि बचाव में आए श्यामलाल के बेटे रमेश को भी चोट आयी थी। पुलिस ने घायल श्यामलाल व उसके बेटे रमेश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टरों ने श्यामलाल को मृत घोषित कर दिया था।

श्यामलाल के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही नितिन, शिवकुमार, श्रवण व आकाश पुत्रगण शुगनचन्द के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने रात्रि में दबिश देकर चारों आरोपियों को दरियापुर गांव के यात्री शेड से गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही हत्या में प्रयुक्त लोहे की रोड, डंडे व सरिया आदि बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि श्यामलाल का भांजा विनोद गांव में ही रहता है। उनका आरोप था कि विनोद ने श्रवण की पत्नी की अश्लील वीडियो अपने मोबाइल में बना रखी है। चार दिन पहले भी आरोपियों का इसी बात को लेकर विनोद से विवाद भी हुआ था। उसके बाद विनोद को गांव से भेज दिया गया था। मंगलवार रात को जब वह वापस लौटकर आया, तो दोबारा दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इसी बीच श्यामलाल ने बीच-बचाव कराकर मामले को सुलझा दिया था। कुछ समय पश्चात आरोपियों ने श्यामलाल के घर में ही घुसकर उस पर व उसके पुत्रों पर हमला कर दिया था, जिसमें श्यामलाल की मौत हो गयी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है।






# पंजाबी बैसाखी मेला एवं म्यूजिक नाइट मे उमड़ा अपार जनसमूह,

# सर्वसमाज के अतिथियों ने पंजाबी नाइट में लगाए चार चांद

**- रात्रि 1 बजे तक थिरके एसडी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में दर्शक - रात्रि 12 बजे तक खचाखच भरा रहा मैदान**

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** मंगलवार को पंजाबी समाज समिति रजि. द्वारा आयोजित बैसाखी मेला एवं म्यूजिक नाइट का कार्यक्रम धूमधाम के साथ सकुशल सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्व समाज के लोगों ने शिरकत की और मेले एवं म्यूजिक नाइट का जमकर आनन्द उठाया। रात्रि 8 बजे पूर्व मंत्री संजीव बालियान, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, सहारनपुर विधायक राजीव गुम्बर, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से रमेश साईं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुतियां शुरू की गयी और म्यूजिक नाइट में अलग-अलग कलाकारों ने अपने ऐसे रंग बिखेरे कि रात्रि 1 बजे तक दर्शकों के पांव थिरकने के साथ-साथ एसडी गर्ल्स इण्टर कॉलेज के मैदान में ही जमे रहे। कभी कॉमेडी शो, कभी फीमेल तो कभी मेल सिंगर, तो कभी भंगड़ा पार्टी तो कभी शानदार डांस विद स्टंट की परफोर्मेंस की लोगों ने जमकर सराहना की। आए हुए अतिथियों को भी पंजाबी समाज ने भरपूर सम्मान दिया। अतिथियों का सम्मान पटका व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

रंगारंग कार्यक्रम ने अतिथियों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सिर्फ पंजाबी ही नहीं अपितु सर्व समाज ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बुलेटिन सम्पादक व पंजाबी समाज के अध्यक्ष अंकुर दुआ ने आए सर्व समाज के अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज बुलेटिन संस्थापक स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा इस प्रांगण में मौजूद होते, तो अपना आशीर्वाद हम सभी समाज के लोगों को अवश्य प्रदान करते और यह देखकर खुश होते कि आज पंजाबी समाज ने सर्व समाज के लोगों को अपने साथ जोड़कर एक खूबसूरत माहौल बनाने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में आए अतिथियों का बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने हृदय तल की गहराइयों से सर्व समाज का आभार व्यक्त किया और कहा कि समाज के लोगों की एक छोटी सी कॉल पर मंत्रियों, विधायकों, उद्योगपतियों, जिलाध्यक्षों व अन्य वरिष्ठ व्यापारीगणों का आना पंजाबी समाज के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगे भी पंजाबी समाज का स्नेह इसी प्रकार सर्व समाज के साथ बना रहेगा। इस दौरान कार्यक्रम में पंजाबी समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, सहारनपुर विधायक राजीव गुम्बर, पूर्व विधायक अशोक कंसल, शाहपुर चेयरमैन हाजी अकरम, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष चन्द शर्मा, कुंज विहारी अग्रवाल, रमेश साईं जी, उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल, राकेश बिंदल, कुश पुरी, वसुन्धरा रेजीडेंसी के डायरेक्टर अमित चौधरी, देवभूमि डायरेक्टर सुमित रोहल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, श्री गुरू सिंह सभा गांधी कॉलोनी के नवनियुक्त अध्यक्ष सरदार सतपाल सिंह मान, सचिन सिंघल बीजेपी नेता, अचिन सागर, खाटूश्याम मंदिर समिति प्रधान मनीष, भारत अरोरा आईक्रीम वाले, समेत तमाम कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा पंजाबी समाज के कार्यक्रम में सर्वानन्द पुरी महाराज, सरदार त्रिलोचन सिंह गंभीर, सुरेन्द्र पुनयानी दिल्ली, कुलदीप चौहान, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, डॉ. आशुतोष शर्मा, पं. संजीव शंकर जी महाराज, भाजपा नेता सुनील तायल, श्रीमोहन तायल, प्रमोद मित्तल, पालिका सभासद अमित पटपटिया, पूर्व सभासद प्रियांशु जैन, डॉ. सुधीर लूथरा, केजी अरोरा, श्यामपाल भाईजी, सचिन सिंघल शाहपुर, भाजपा नेता सचिन सिंघल, अचिन सागर, अंजली, पूजा दुआ, पूजा, सीमा, शशि, नन्दनी, शालू चौधरी, कंचन बाटला, राखी मित्तल, सविता गौतम, नुपुर त्यागी, रानी ठाकुर, विकास त्यागी, रोबिन सिंघल, दीपक वत्स, पूनम चंदेल, पंजाबी समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंजाबी समाज के अध्यक्ष एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, मुख्य संरक्षक सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी, चेयरमैन नील कमल पुरी, प्रभारी अशोक बाटला, वाइस चेयरमैन मनोज बाटला, अशोक डोडा, महासचिव प्रवीण खेड़ा, सागर वत्स, पवन छाबड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद डाबर, यश कपूर, अनिल सोबती, संजय बाटला के अलावा विशाल जलोत्रा, मुकुल दुआ, लवी, पूर्व सभासद पवन अरोरा, प्रेमी छाबड़ा के अलावा सैकड़ों की संख्या में पंजाबी समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों समेत हजारों की संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।













## पंजाबी नाइट में हुई एलईडी, कूलर, डबल बैड के गद्दे, ओटीजी, साइकिल आदि इनामों की बौछार

**मुजफ्फरनगर।** पंजाबी नाइट में सैंकड़ो इनामों की बौछार लक्की ड्रॉ, कपल डांस, बेबी शो आदि के रूप में होती दिखाई दी। लक्की ड्रॉ के माध्यम से एलईडी, कूलर, डबल बैड के गद्दे, ओटीजी, साइकिल, दस ब्रीफ केस, नॉन स्टिक डोसा तवा, चॉपर, बच्चों के लिए फुटबॉल, गर्ल्स किट आदि सहित सैकड़ों इनामों की बौछार पंजाबी नाइट में विशेष आकर्षण का विषय रही। पंजाबी नाइट के दौरान विजय गिरधर परिवार का कूलर निकला तो उन्होंने इस कूलर की सेवा हाथोंहाथ गांधी कॉलोनी हाउसिंग सोसायटी को सौंप दी, जिसकी जमकर प्रशंसा की गयी। तीन बड़े इनाम साइकिल के रूप में बेबी शो में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए बच्चों को दिये गए। जबकि अन्य बच्चों को भी निराश नहीं किया गया। मुजफ्फरनगर बुलेटिन परिवार की ओर से 20 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिये गए। इसी तरह कपल डांस शो में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए बेस्ट कपल को ब्रीफकेस इनाम के रूप में दिया गया। बाकी सभी इनाम लक्की ड्रॉ के रूप में निकाले गए।



## मेले में दर्शकों ने जमकर उठाया स्वाद

### विजयलक्ष्मी ऑप्टिकल ने लगाया फ्री चैकअप कैम्प

**मुजफ्फरनगर।** मेले व म्यूजिक नाइट में आए दर्शकों ने एक ओर जहां बड़ों ने मेले में लगी चौपाटी के व्यंजनों के जमकर चटकारे लिए वहीं छोटे बच्चों ने झूले झूलकर अपना आनन्द लिया। इसी के साथ साथ मेले के अंदर लगे स्टॉल पर एक ओर जहां 100 बच्चों ने विजय लक्ष्मी ऑप्टिकल द्वारा लगाए गए फ्री कैम्प में लाभ उठाया वहीं दूसरी ओर किसी ने मेले में क्रॉकरी खरीदी तो कहीं महिलाओं ने अपने लिए सुंदर परिधान खरीदे। मेले में अलग अलग प्रकार के 12 स्टॉल लगाए गए थे और सभी स्टॉल कोई ज्वैलरी, कोई क्रॉकरी, कोई कपड़ा व्यापार तो कोई पंजाबी जूती से सुसजिज्जत था।

















## सतरंगी कार्यक्रम देख गद्‌गद् हुए सर्व समाज के लोग

**मुजफ्फरनगर।** पंजाबी बैसाखी मेला एवं म्यूजिक नाइट में सिर्फ पंजाबी समाज ही नहीं बल्कि सर्व समाज ने इस बात की भूरि भूरि प्रशंसा की कि इस कार्यक्रम को सतरंगी बनाना अपने आपमें अनोखी बात रही। कहीं सिंगर, कहीं पंजाबी भंगड़ा तो कहीं कॉमेडी नाइट, कहीं जोशीले कलाकारों द्वारा स्टंट के कार्यक्रमों का प्रदर्शन करना सबका मन मोह गया। दरअसल पंजाबी समाज द्वारा उक्त पार्टियां हिमाचल, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और बॉम्बे सभी अलग अलग राज्यों से बुलाई गयी थी।





## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम त्रुटिवश (Mohammad Zayyan Siddiqui) लिखा गया है, जोकि गलत है। मेरा सही नाम (Mohd Zayyan Siddiqui) है। अब मुझे भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिये मेरे सही नाम (Mohd Zayyan Siddiqui) के नाम से ही जाना जायेगा। (Mohd Zayyan Siddiqui) पुत्र श्री (Nafees Ahmed) निवासी 196, ग्राम इमलिया, तहसील देवबन्द, जिला सहारनपुर।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्रगण संजीव कुमार व नीरज कुमार पुत्रगण श्री राजेन्द्र सिंह व पुत्रवधु बबीता एवं प्रियंका निवासीगण मौ0 सुभाष नगर, मुजफ्फरनगर, मेरे कहने-सुनने में नहीं है तथा मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते है। इस कारण मैं अपने पुत्रों व उनकी पत्नियों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। उनके द्वारा किये गये अच्छे व बुरे कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सुरेश देवी पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह**
निवासी-सुभाषनगर, गाँधी कॉलोनी, थाना-नई मण्डी, जिला- मुजफ्फरनगर
मो. 9456648418























## कार्यक्रम निर्विघ्न सम्पन्न होने पर गोलोक धाम में की गयी आरती

**मुजफ्फरनगर।** पंजाबी समाज समिति रजि. का बैसाखी मेला एवं म्यूजिक नाइट सकुशल सम्पन्न होने पर कमैटी के लोगों ने गोलोक धाम जाकर बुधवार को सबकी लाज रखने वाले भगवान कृष्ण एवं राधा रानी की आरती की। कार्यक्रम से पहले आयोजकों द्वारा प्रथम कार्ड गोलोक धाम में ही समर्पित किया गया था। उसके बाद गुरूद्वारा साहिब में कार्ड देकर कार्यक्रम के निर्विघ्न सम्पन्न होने की प्रार्थना की गयी थी। उसी के अनुसार जब कार्यक्रम निर्विघ्न सम्पन्न हो गया तो ईश्वर का आभार व्यक्त करने के लिए पंजाबी समाज समिति रजि. ने बुधवार को कमैटी द्वारा श्री श्री गोलोक धाम में आरती कराई गयी और ईश्वर का लाख-लाख धन्यवाद अदा किया गया और प्रार्थना की गयी कि इसी तरह कमैटी के पूरे वर्ष के कार्यक्रम भी निर्विघ्न सम्पन्न होते रहें।







संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## वक्फ संशोधन विधेयक पर सुनवाई

कल सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन विधेयक पर सुनवाई हुई, यह सुनवाई आज भी होगी। दोनों तरफ के वकीलों की दलीलों को सुनते हुए कोर्ट ने उनसे सवाल भी किए। नये कानून का विरोध करने वाले वकीलों को कोर्ट के कुछ सवालों पर चुप भी रहना पड़ा। इस मामले पर पूरे देश की नजर है और यह विधेयक जेपीसी की विस्तृत चर्चा के बाद संसद के दोनों सदनों से पास हो चुका है। राष्ट्रपति भी इस पर हस्ताक्षर कर चुकी हैं, यह कानून बन चुका है। सुप्रीम कोर्ट सरकार और विपक्ष की दलीलें सुनते हुए इसके सभी पहलुओं पर गौर कर रहा है। देश को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की प्रतीक्षा है। कपिल सिब्बल दलीलें दे रहे थे, तभी सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने कपिल सिब्बल से कहा कि कोर्ट के पास वक्त कम है, आप सिर्फ जरूरी बातें हमारे सामने रखिए। इस कानून के खिलाफ 100 से ज्यादा याचिकाएं लगाई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन पर केंद्र से जवाब मांगा है, लेकिन कोर्ट ने कानून के लागू होने पर रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में देशभर में हो रही हिंसा पर चिंता जताई। इस पर कोर्ट ने कहा कि ऐसा नहीं लगना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव डालने के लिए किया जा सकता है। वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के समर्थन में कई राज्यों ने भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। छत्तीसगढ़, असम, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और राजस्थान ने अर्जी दाखिल कर मामले में पक्षकार बनने की अनुमति मांगी है। इन राज्यों ने वक्फ कानून को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की इस दलील का विरोध किया कि वक्फ संशोधन अधिनियम संविधान का उल्लंघन करता है। केंद्र सरकार को भरोसा है कि सुप्रीम कोर्ट संसद से पारित इस कानून को गिराएगा नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा मामला कोर्ट में है, और फैसला यहीं होगा। वक्फ कानून पर कपिल सिब्बल ने दी मुस्लिम विरासत की दलील, सीजेआई ने तुरंत हिन्दुओं की याद दिलाई, कपिल सिब्बल ने कहा कि राज्य हमें यह बताने वाला कौन होता है कि उत्तराधिकार कैसे होगा? इस पर सीजेआई ने उनकी बात काटते हुए कहा, हिंदुओं के मामले में भी, उत्तराधिकार हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत संसद द्वारा परिभाषित किया जाता है। वक्फ संसोधित अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दलील पेश करते हुए कपिल सिब्बल ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि आपने एक ऐसे अधिकारी को नामित किया है, जो सरकार का अधिकारी है, यह असंवैधानिक है। यह हमारी तीसरी चुनौती है। चौथी चुनौती यह है कि किसी स्मारक को अगर संरक्षित घोषित किया गया है, या उसे वक्फ घोषित किया गया है, तो वह घोषणा अवैध मानी जानी चाहिए। इस पर सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि ऐसे कितने मामले हैं? मेरी समझ के अनुसार, यह व्याख्या आपके पक्ष में लगती है। अगर कोई संपत्ति पहले वक्फ के रूप में घोषित हुई थी और बाद में उसे प्राचीन स्मारक घोषित किया गया, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता वह वक्फ बनी रहेगी। आपको आपत्ति केवल तब होनी चाहिए, जब किसी संपत्ति को पहले संरक्षित स्मारक घोषित किया गया हो और बाद में वक्फ घोषित कर दिया गया हो। कपिल सिब्बल ने फिर सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वक्फ डीड बनाए बिना कोई संपत्ति वक्फ नहीं की जा सकती है। इस पर कोर्ट ने पूछा किया इसमें गलत क्या है फिर सिब्बल ने कहा कि मैं उपयोगकर्ता के रूप में वक्फ संपत्ति बना सकता हूं। यह मेरी संपत्ति है, अगर मैं इसे वक्फ करना चाहूं तो इसमें मसअला क्या है? तो इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप इसे वक्फ की तरह भी रजिस्टर करवा सकते हैं, क्योंकि इससे आपको भी फायदा होगा। यह कैसे लाभकारी नहीं है? कपिल सिब्बल ने कहा कि यह पूरी तरह से सरकारी टेकओवर है। सिब्बल ने राम जन्मभूमि के फैसले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि धारा 36, आप उपयोगकर्ता द्वारा बना सकते हैं, संपत्ति की कोई आवश्यकता नहीं है। मान लीजिए कि यह मेरी अपनी संपत्ति है और मैं इसका उपयोग करना चाहता हूं, मैं पंजीकरण नहीं करना चाहता। कोर्ट ने कहा कि पंजीकरण में क्या समस्या है? सिब्बल ने कहा कि मैं कह रहा हूं कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को समाप्त कर दिया गया है, यह मेरे धर्म का अभिन्न अंग है, इसे राम जन्मभूमि फैसले में मान्यता दी गई है। सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि वे कहेंगे कि यदि वक्फ 3000 साल पहले बनाया गया है, तो वे डीड मांगेंगे। अभिषेक मनु सिंघवी ने वक्फ संशोधित कानून पर रोक की मांग की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह केस इसका नहीं कि किस-किस याचिका को हाईकोर्ट भेजा जाए। नये कानून के प्रावधान तत्काल की प्रभावी हो गए हैं। इन पर स्टे लगाया जाना चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस पर बाद में विचार करेंगे। अभिषेक मनु सिंघवी, कपिल सिब्बल आदि वकीलों के बाद कुछ और याचिकाकर्ताओं ने कानून पर रोक की मांग की, जिस पर मुख्य न्यायधीश ने कहा कि अब वह कानून पर रोक की मांग को लेकर किसी याचिकाकर्ता को नहीं सुनेंगे, मुख्य न्यायधीश ने कहा कि बस हो गया, अब हमें मौका दीजिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र की तरफ से दलील पेश करते हुए कहा कि अगर किसी भूमि की जांच कलेक्टर कर रहा हो, तो कानून ऐसा नहीं कहता कि उसका उपयोग बंद हो जाएगा। केवल निर्णय तक उसे लाभ नहीं मिलेगा।सभी की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने कानून के कुछ हिस्से पर अंतरिम आदेश जारी करने पर विचार किया, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कल सुनवाई करने की मांग की। इसके बाद आदेश जारी नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून के विरोध में हिंसक प्रदर्शन पर चिन्ता जताई है। मुर्शिदाबाद हिंसा पर योगी आदित्यनाथ ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा था, उसके जवाब में इमामों की मीटिंग में ममता बनर्जी ने योगी आदित्यनाथ पर हमला किया। ममता बनर्जी ने महाकुंभ में हुई भगदड़ में मौत का मुद्दा उठाया। कल कोलकाता में ममता बनर्जी ने इमामों की एक जनसभा को संबोधित किया। इसमें ममता बनर्जी ने कहा कि योगी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। वह सबसे बड़े भोगी हैं। महाकुंभ में कई लोगों की जान चली गई। यूपी में मुठभेड़ में कई लोग मारे गए। योगी लोगों को रैलियां तक नहीं निकालने देते हैं। मगर पश्चिम बंगाल में बहुत आजादी है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'झूट' 'धोका' 'शैतान' 'तालीम'

झूट के दम पर चले हो धोका देना शौक है,
हम तुम्हारे रास्तों से खूब वाकिफ हैं यहाँ।
तुम बढ़ाते जा रहे शैतान की तालीम को,
हम सियासी साजिशों से खूब वाकिफ हैं यहाँ।

## प्रॉपर्टी डीलर ने पहले पत्नी को मारी गोली, फिर खुद को भी दी दर्दनाक मौत

**गाजियाबाद, 16 अप्रैल (एजेंसी)।** एक प्रॉपर्टी डीलर ने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से पहले अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या की और फिर खुद को भी गोली मार ली। जानकारी के मुताबिक प्रॉपर्टी डीलर कैंसर से पीड़ित था। उसके पास से पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद किया है। पूरी घटना नंदग्राम थाना क्षेत्र के सिहानी इलाके की है। सिहानी में रहने वाले 46 साल के प्रॉपर्टी डीलर कुलदीप त्यागी ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर अपनी पत्नी नीशू त्यागी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त परिवार के बाकी लोग ऊपर के कमरे में थे। गोली की आवाज सुनकर जबतक परिवार के लोग नीचे आते तबतक दोनों की मौत हो गई थी। हत्या और आत्महत्या के इस मामले में एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा का कहना है कि घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है कि मृतक प्रॉपर्टी डीलर कैंसर की बीमारी से पीड़ित है जिसका उसके घरवालों को पता नहीं है। वह नहीं चाहता कि उसके इलाज पर पैसे खर्च हों, इसलिए वह खुद की और पत्नी की जान ले रहा है। पुलिस फिलहाल सभी तथ्यों की गहनता से जांच कर रही है। दिल्ली से सटे यूपी के नोएडा में पिछले दिनों एक शख्स ने अवैध संबंध के शक में हथौड़े से पीट पीटकर अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी थी। अवैध संबंध को लेकर आरोपी पति और मृतक पत्नी के बीच आए दिन झगड़ा होता रहता था। मृतका की पहचान 42 साल की आसमा खान के रूप में हुई है, जबकि आरोपी का नाम नुरुल्लाह हैदर है। हत्या के बाद पुलिस ने हैदर को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ की तो पता चला कि वह बेरोजगार था।

## वक्फ अधिनियम पर अंतरिम रोक लगाने वाला था सुप्रीम कोर्ट, क्यों टाल दिया फैसला

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया था, जिसमें अदालतों द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने और केंद्रीय वक्फ परिषदों तथा बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने की शक्ति शामिल है। शीर्ष अदालत ने आदेश पारित करने का प्रस्ताव रखा, जिसका केंद्र सरकार की ओर से विरोध किया गया। केंद्र की ओर से ऐसे किसी भी अंतरिम आदेश से पहले विस्तृत सुनवाई की अपील की, जिसके बाद अदालत ने इस मामले पर एक दिन और सुनवाई करने का फैसला किया। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिकता के खिलाफ 72 याचिकाओं से संबंधित सुनवाई प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष हुई। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय वक्फ परिषदों और बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही केंद्र से पूछा कि क्या वह हिंदू धार्मिक न्यासों में मुसलमानों को शामिल करने के लिए तैयार है? केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और मुस्लिम निकायों तथा व्यक्तिगत याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक सिंघवी, सीयू सिंह सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने नोटिस जारी करने और एक अंतरिम आदेश पारित करने का प्रस्ताव रखा। सीजेआई ने कहा कि इससे समानताएं संतुलित होंगी। पीठ ने कहा कि अदालतों द्वारा वक्फ के रूप में घोषित संपत्तियों को वक्फ के रूप में गैर-अधिसूचित नहीं किया जाना चाहिए, चाहे वे उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ हों या विलेख द्वारा वक्फ हों, इसके अलावा अदालत वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने संशोधित कानून के उस प्रावधान पर रोक लगाने का भी संकेत दिया, जिसमें कहा गया है कि कलेक्टर द्वारा यह जांच किए जाने तक कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा। पीठ ने अधिनियम को लेकर प्रावधान-वार आपत्तियों पर गौर किया और केंद्रीय वक्फ परिषद तथा राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने सहित कानून के कई पहलुओं पर आपत्तियां व्यक्त कीं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आमतौर पर, जब कोई कानून पारित होता है, तो अदालतें प्रवेश स्तर पर हस्तक्षेप नहीं करती हैं, लेकिन इस मामले में अपवाद की आवश्यकता हो सकती है। यदि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ घोषित की गई संपत्ति को गैर-अधिसूचित किया जाता है, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। सुनवाई के दौरान पीठ और सॉलिसिटर जनरल के बीच तब तीखी नोकझोंक हुई, जब न्यायाधीशों ने वक्फ प्रशासन में गैर-मुस्लिमों को अनुमति देने के पीछे के तर्क पर सवाल उठाए। विधि अधिकारी ने कहा कि वक्फ परिषद में पदेन सदस्यों के अलावा दो से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने एक हलफनामे में यह बात कहने की पेशकश की। पीठ ने कहा कि नए अधिनियम के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद के 22 सदस्यों में से केवल आठ मुस्लिम होंगे।पीठ ने पूछा, यदि आठ मुस्लिम हैं, तो दो ऐसे न्यायाधीश भी हो सकते हैं जो मुस्लिम न हों। इससे गैर-मुस्लिमों का बहुमत हो जाता है। यह संस्था के धार्मिक चरित्र के साथ कैसे संगत है?

## सीएमओ ने किया ग्राम मलीरा व बाननगर का दौरा



**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की शुरू हुई मॉनिटरिंग गतिविधियों के तहत सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशन में ग्राम बाननगर एवं मलीरा में मॉनिटरिंग की गई। इस दौरान उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से मेडिकल ऑफिसर्स एवं अन्य सुपरवाइजरी कैडर को प्रतिदिन ग्रामों में भ्रमण कर परिवारों से वार्ता करते हुए अभियान की गतिविधियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने इस दौरान स्वयं ग्रामीणों से वार्ता कर अभियान के विषय में जानकारी हासिल की। भ्रमण के दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों व आंगनबाड़ी केद्रों में भी संचारी अभियान के दृष्टिगत बच्चों से बातचीत कर उन्हें स्वस्थ जीवन शैली के साथ ही संतुलित आहार के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वच्छता एवं संतुलित आहार सम्यक जीवन शैली से हम रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुधारने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने का अधीनस्थों को निर्देश दिए। इस दौरान मलीरा में मॉनिटरिंग विजिट के दौरान मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. सतीश कुमार वीबीडी यूनिट के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिव सेना ने उठाई पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग



**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** शिवसेना नेता मनोज सैनी के आह्वान पर बुधवार को पश्चिम बंगाल में वक्फ बोर्ड कानून की आड़ में हिंदुओं के साथ हो रहे सुनियोजित अत्याचार के साथ ही लूट खसोट के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने व अनुच्छेद 356 के अंतर्गत पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त करते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन डीएम को सौंपा गया। इस दौरान शिवसेना के प्रदेश महासचिव डॉ. योगेंद्र शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष लोकेश सैनी ने कहा पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं पर सुनियोजित ढ़ंग से हत्या व बहन- बेटियों के साथ हो रही दरिंदगी के बावजूद भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की खामोशी चिंता का कारण है, जिसमें दोषियों पर कोई भी कठोर कार्रवाई न होने से ऐसा लगता है कि जैसे वहां दंगाइयों को मुख्यमंत्री का संरक्षण प्राप्त है। शिवसेना के जिलाध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा व नगराध्यक्ष जितेंद्र गोस्वामी ने अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि ऐसी सरकार व ऐसी मुख्यमंत्री का कोई औचित्य नहीं है। भारत सरकार को तुरंत ठोस कदम उठाते हुए पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए एवं अहिंसक घटनाओं की सीबीआई या न्यायिक आयोग से निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने हमले में पीड़ित परिवारों को संरक्षण, पुनर्वास और उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से हिंदू नेता पंकज भारद्वाज, युवा जिलाध्यक्ष शैंकी शर्मा, मंडल महासचिव राजेश कश्यप, उपाध्यक्ष अमरीश त्यागी, पुष्पेंद्र सैनी, आशीष शर्मा, सचिन कपूर जोगी, भारत राजपूत, निकुंज सनातनी, अवनीश कुमार, राहुल, जसवीर, अरविंद, राहुल वाल्मीकि,भारत खोखर, अर्जुन कश्यप, गोपी वर्मा, रविंद्र शर्मा, सोनू कुमार, सुनील कुमार, अनुज कुमार, अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## चेक बाउंस के मामले में ग्रामीण को जेल भेजा

**बुढ़ाना, 16 अप्रैल (बु.)।** पुलिस ने एक चेक के बाउंस होने के मामले में एक वारंटी को बुधवार के दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी किशन पाल सिंह यादव ने हैड कांस्टेबल सचिन कुमार और हैड कांस्टेबल सुनील कुमार के सहयोग से किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर चेक बाउंस के एक वारंटी अमित कुमार उर्फ भूरा पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम कुरथल को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

## जाट महासभा ने सौंपा ज्ञापन, जाट फिल्म को टैक्स फ्री कराने की मांग



**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** जाट फिल्म को टैक्स फ्री कराने की मांग को लेकर बुधवार को जनपद जाट महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान, जयवीर सिंह व महासचिव ओमकार अहलावत के नेतृत्व में दर्जनों अन्य पदाधिकारियों व समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और डीएम उमेश मिश्रा से मुलाकात करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जाट महासभा ने उक्त ज्ञापन में कहा कि जाट फिल्म समाज और राष्ट्र के अन्दर हो रहे अत्याचारों को खत्म करने का सन्देश देती है। यह फिल्म महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत प्रेरणादायक है। इस फिल्म में पीड़ित वर्ग को न्याय दिलाने और उनकी रक्षा करने का सन्देश दिया गया है। इस फिल्म में एक देशभक्त व्यक्ति पीड़ित लोगों की आवाज बनकर उनके साथ खड़ा होता है। इस तरह की फिल्म को टैक्स फ्री करना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जाट फिल्म को देख सकें और उसकी कहानी से प्रभावित होकर देश व हिन्दू समाज में योगदान के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि इस फिल्म से समाज में यह भी संदेश जाता है कि शोषित और पीड़ित वर्ग को न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है तथा इसकी कहानी राष्ट्रभक्ति का संदेश देती है। अध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने कहा कि इसलिए ही जनपद जाट महासभा मुजफ्फरनगर ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि यूपी में जाट फिल्म को टैक्स फ्री किया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में जाट महासभा के पदाधिकारी एवं समाज के लोग मौजूद रहे।

## किसान दिवस में की गई शिकायत मिली सही, नई मंडी थाने में दो पर मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** जनपद में प्रदूषण बढ़ने के चलते लोगों के सामने आ रही परेशानी की शिकायतों का क्रम तमाम प्रयासों के बावजूद कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों किसान दिवस में वेस्ट प्लास्टिक का भंडाराण करने के लिए बने गोदामों पर कार्रवाई की मांग उठाई गई।

इसके बाद क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने शिकायत के आधार पर निरीक्षण कर जौली रोड पर बिलासपुर निवासी लोगों के प्लास्टिक के गोदाम बंद कराते हुए दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी गीतेश चंद्रा ने उप कृषि निदेशक को पत्र लिखकर इस संबंध में अवगत कराया कि किसान दिवस में वेस्ट प्लास्टिक पेपर मिलों में सप्लाई की जा रही है. जिसके लिए जौली रोड और जानसठ रोड पर गोदाम बने हुए हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान जौली रोड पर मुजाहिद निवासी बिलासपुर द्वारा पालीथीन व प्लास्टिक वेस्ट भंडारण का गोदाम संचालन मिला। वहीं जानसठ रोड स्थित इमरान कुरैशी के गोदाम में वेस्ट प्लास्टिक के भंडारण निरीक्षण के दौरान मिला। उन्होंने बताया कि इसे लेकर दोनों के खिलाफ नई मंडी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## बायो सीबीजी प्लांटों से जुड़ी समस्याओं को लेकर मंथन

### - डीएम की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में दिए जरुरी दिशा निर्देश



**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** विकास भवन सभागार में डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जैव ऊर्जा नीति-2022 के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में बायो सीबीजी प्लांटों के संबंध में आ रही तमाम समस्याओं के निराकरण को विकासकर्ताओं व अधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया। जनपद में 4 अदद सीबीजी प्लांट क्षमता 26.3 टन कार्यशील तथा 3 अदद सीबीजी प्लांट क्षमता 19.5 टन के इस बीच निर्माणाधीन है। बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी गौशालाओं से गोबर क्रय किया जाये। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया संपादित किए जाने व सीबीजी प्लांट के प्रतिनिधियों को किसानों से संपर्क कर अधिक से अधिक नेपियर घास उत्पादन कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान विकासकर्ताओं द्वारा जिले में प्रेसमड की कीमत समान करने का अनुरोध किया गया। डीएम द्वारा शुगर मिल के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रेसमड की कीमत समान रखने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सीडीओ संदीप भागिया द्वारा परियोजना प्रभारी यूपीनेडा भजन सिंह को विद्युत एवं राजस्व विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों से समन्वय कर विकासकर्ताओं/वैण्डर्स की समस्याओं का समाधान ससमय कराने हेतु निर्देश दिये। बैठक में एसडीएम सदर निकिता शर्मा, जिला गन्ना अधिकारी, उप कृषि निदेशक कार्यालय से सोमपाल, जिला उद्योग अधिकारी के साथ इंडियन पोटाश के सहायक मैनेजर रमेश शर्मा, मै. गिरवर एंड संस बायो एनर्जी, मै. पीएस ग्रीन गैस, मै. बायोस पार्क एनर्जी, मै. ग्रीन हाउस, मै. एमएसटी रिसोल्यूशन इंडिया, मै. रेनफ्यूल्स एनर्जी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

8267057775, 9997931317

दाँतों का अस्पताल

डॉ. मनु कुमार गर्ग (B.D.S.)

डॉ. निधि गर्ग (B.D.S.)

- Root Canal Treatment
- Crown & Bridge
- Fixed Orthodotic Treatment
- Cosmetic Filling
- Denture
- Dental Implant
- Extraction
- Ultrasonic Cleaning

समयः- सुबह 10 से 3 बजे व शाम 5 से 8 बजे तक

रविवार सायं अवकाश।

पता- प्रकाश चौक, ऋषि स्वीट्स के बराबर में, मुजफ्फरनगर

## नहीं हुई कोर्ट में सुनवाई, अब 6 मई की तिथि हुई तय

### - चर्चा के केन्द्र में रहा था ग्राम खुब्बापुर का थप्पड़ प्रकरण

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खुब्बापुर के नेहा पब्लिक स्कूल में हुए थप्पड़ प्रकरण को लेकर बुधवार को होने वाली सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई किन्हीं कारणों से टल गई। सुप्रीम कोर्ट में अब सुनवाई की तिथि के लिए छह मई निर्धारित की गई है। उधर, सुनवाई नहीं होने की जानकारी पूर्व में होने के चलते बेसिक शिक्षा विभाग से अधिकारी कोर्ट नहीं पहुंचे, जबकि पीड़ित छात्र के अधिवक्ता ने छात्र की पढ़ाई को लेकर वर्तमान में सामने आ रही समस्याओं को लेकर शपथ पत्र सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया। जनपद के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव खुब्बापुर में नेहा पब्लिक स्कूल में कक्षा एक के छात्र को अन्य छात्रों द्वारा थप्पड़ लगवाए जाने का मामला विश्व भर में चर्चा के केन्द्र में रहा। इस मामले में दर्ज की गई शिकायत के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया था। इसकी सुनवाई की प्रकिया में बुधवार को अंतिम सुनवाई होनी तय थी, लेकिन किसी कारणवश बुधवार को होने वाली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में टल गई। सुनवाई के लिए अब 6 मई की तिथि निर्धारित की गई। बुधवार को अंतिम सुनवाई के बीच यूपी सरकार के लिए कोर्ट को आदेश देने थे। सुनवाई नहीं होने के बाद भी पीड़ित छात्र के अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और उन्होंने इस बीच कोर्ट में शपथ-पत्र दिया है, जिसमें बताया गया कि उन्हें नए सत्र की किताबें नहीं मिली है। वहीं विद्यालय में अभी तक रूकी हुई 4 महीने की फीस भी जमा नहीं की गई। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई नहीं होने के चलते अब अगली तिथि छह मई निर्धारित हुई है।

## अमेरिका ने चीन के 125% टैरिफ के जवाब में 245% टैरिफ लगाने का किया ऐलान

**वाशिंगटन, 16 अप्रैल (एजेंसी)।** व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक दस्तावेज में कहा गया है कि चीन को अब अमेरिका पर अपनी जवाबी कार्रवाइयों के कारण 245 प्रतिशत तक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यह जानकारी तब सामने आई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आयातित खनिजों और उससे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता के कारण पैदा हुई जोखिमों की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। दस्तावेज में ट्रम्प के उस दावे का हवाला दिया गया है कि "विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता" और उनके खराब उत्पाद अमेरिकी रक्षा क्षमताओं, बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी नवाचार को खतरे में डाल सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और उन देशों पर पारस्परिक रूप से उच्च टैरिफ लगाए हैं जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा सबसे अधिक है। व्हाइट हाउस ने कहा कि 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए संपर्क कर चुके हैं। इसे देखते हुए चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगने वाला जवाबी टैरिफ फिलहाल टाल दिया गया है। अमेरिका के अनुसार चीन ने जवाबी कार्रवाई की है इसलिए चीन के उत्पादों पर अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप प्रशासन के दस्तावेज में यह भी उल्लेख किया गया है कि चीन ने कुछ महीने पहले अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी और अन्य प्रमुख उच्च-तकनीकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनके सैन्य उपयोग की संभावना थी। इसी सप्ताह चीन छह भारी दुर्लभ रेयर अर्थ मेटल के साथ-साथ रेयर अर्थ चुंबकों के निर्यात को भी निलंबित कर दिया था। व्हाइट हाउस ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई दुनिया भर में ऑटोमेकर्स, एयरोस्पेस निर्माताओं, सेमीकंडक्टर कंपनियों और सैन्य ठेकेदारों के लिए महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति रोकने के लिए की गई। चीन ने अमेरिका की आरे से लगाए गए 245% टैरिफ पर पर प्रतिक्रिया देते हुए कि कहा कि ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे। चीन के आयात पर अमेरिका ने 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का एलान किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अमेरिकी पक्ष को "विशिष्ट कर दर के आंकड़े" के बारे में बताना चाहिए। बुधवार को एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, लिन ने कहा कि चीन ने टैरिफ मुद्दे पर अपनी स्थिति को बार-बार साफ किया है। उन्होंने कहा कि टैरिफ युद्ध अमेरिका की ओर से शुरू किया गया था और बीजिंग ने अपने वैध अधिकारों और हितों और अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाए हैं। ये कदम पूरी तरह से "उचित और कानूनी" हैं। उन्होंने कहा कि टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता है। उन्होंने कहा कि चीन इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहता है, लेकिन इनसे डरता भी नहीं है। उन्होंने हाथ मिलाने और बाधाओं को दूर करने के लिए चीन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अमेरिका की ओर से 02 अप्रैल 2025 को अपने व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी टैरिफ लगाने के एलान के बाद चीन के साथ उसका व्यापार युद्ध एक नए मुकाम पर पहुंच गया।

## राहुल गांधी के विरुद्ध ईडी की कार्रवाई से कांग्रेसियों में रोष

### - राज्यपाल के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन, किया प्रदर्शन



**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ भाजपा नेतृत्व वाली सरकार द्वारा ईडी की कार्रवाई से पार्टी के कार्यकर्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष सत्यपाल कटारिया के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में स्पष्ट रूप से चेताया कि भाजपा सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है, जिसे कांग्रेस कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी। ईडी की कार्रवाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे कांग्रेसियों द्वारा देशभर में जारी आंदोलन की कड़ी में बुधवार को कांग्रेस का प्रदर्शन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में पं. सुबोध शर्मा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाने के साथ देश में ईडी का दुरुपयोग किया है। इसके तहत ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सांसद राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। भाजपा सरकार के निर्णय के विरुद्ध कांग्रेस आज विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हर तरह से तैयार हैं। चाहे किसी भी तरह से विरोध करना हो, चाहे वो सड़क पर हो या फिर संसद में। क्योंकि ये लड़ाई मात्र राहुल गांधी या सोनिया गांधी की नहीं है, ये लड़ाई सच और झूठ की है। इस दौरान मुख्य रूप से बिलकिश चौधरी, कमल मित्तल, विनोद धीमान, नरेश भारती, विरेन्द्र गुर्जर, हर्षवर्धन त्यागी, चांद मियां एड, गोपाल शमौ, धर्मवीर सिंह मिठारिया आदि मौजूद रहे।

## एम.जी. पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग और रोजगार कौशल पर सेमिनार



**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बुस.)।** एम.जी. पब्लिक स्कूल में कक्षा-12 के विद्यार्थियों को भविष्य में शिक्षा और रोजगार के लिए बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए करियर काउंसलिंग और रोजगार कौशल विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को भी भविष्य में नई पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए पेश आने वाली चुनौतियों के साथ शिक्षण कार्य बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। एम.जी. पब्लिक स्कूल में बुधवार को एक करियर काउंसलिंग और रोजगार कौशल सेमिनार का आयोजन हुआ, इसमें मुख्य वक्ता के रूप में यूपीईएस देहरादून से जुड़ी करियर कोच तन्वी ढींगरा ने विद्यार्थियों और शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को भविष्य में करियर और कौशल विकास के लिए बेहतर विकल्प चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हुए प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने करियर कोच तन्वी ढींगरा का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया। सेमिनार में करियर कोच तन्वी ढींगरा द्वारा कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं और स्कूल के शिक्षकों के लिए करियर काउंसलिंग और रोजगार कौशल पर मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान करते हुए भविष्य की चुनौतियों और उनसे निकलकर सफलता के मार्ग पर चलने के लिए विभिन्न प्रकार के करियर विकल्पों की जानकारी मुहैया कराई साथ ही उन्होंने रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए कौशल विकास पर भी जोर दिया। उनके द्वारा शिक्षकों को भविष्य में नई पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए उनके प्रशिक्षण और शिक्षण में क्या सुधार किया जाये, इस पर स्पष्ट विचार प्रस्तुत कर प्रशिक्षित किया गया। करियर की प्लानिंग और रोजगार पाने के लिए जरूरी विषय सामने रखते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों के सवालों के उत्तर भी दिए। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा कल इसी बात पर निर्भर करता है कि हम भविष्य को लेकर आज कितना चिंतन और मंथन करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सेमिनार में करियर पथ चुनने, शैक्षणिक पाठ्यक्रम चुनने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन मिलता है। इस आयोजन का उद्देश्य भी यही रहा कि विद्यार्थियों को एक अच्छा भविष्य बनाने के लिए शिक्षा और रोजगार के बेहतर विकल्प चुनने को जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही उनका कौशल विकास करने में मदद प्रदान की जा सके। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ का भरपूर योगदान रहा।

## शाहपुर में ट्रक ड्राइवर ने तोड़े नगर पंचायत के कैमरे

### -अधिशासी अधिकारी ने थाने पर तहरीर दी

**शाहपुर, 16 अप्रैल (बु.)।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने तहरीर देकर बताया कि मंसूरपुर रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों को किसी अज्ञात व्यक्ति ने क्षतिग्रस्त कर दिया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि नगर पंचायत ने कस्बे में सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न चौराहे व मौहल्ले आदि स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि दिनांक 12 अप्रैल 2025 को कस्बे के मंसूरपुर रोड पर लगे दो सीसीटीवी कैमरों को किसी अज्ञात वाहन या अज्ञात व्यक्ति ने क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी एक ओवर लोडिंग वाहन ने करीब 25 दिन पूर्व इन कैमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। उन्होंने बताया कि बार-बार उक्त स्थान पर कैमरे क्षतिग्रस्त होने से कस्बे में किसी बड़ी घटना की आशंका बनी हुई है। कस्बे की सुरक्षा की दृष्टि से इन कैमरों का सुचारू रहना अति आवश्यक है। ईओ ने पुलिस से नगर पंचायत के कैमरों को क्षतिग्रस्त करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## अलीगढ़ में साथ भागने वाले सास-दामाद गिरफ्तार

**अलीगढ़, 16 अप्रैल (एजेंसी)।** अलीगढ में एक साथ भागने वाले सास और दामाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों को बिहार के नेपाल बॉर्डर से पकड़ा है। दोनों 10 दिनों से फरार थे। नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तारी के बाद पुलिस दोनों को लेकर अलीगढ़ के दादों थाने पहुंची, जहां से दोनों को मडराक थाना पुलिस अपने साथ ले गई, जहां पुलिस पूछताछ कर रही है। आज ही के दिन 16 अप्रैल को राहुल और शिवानी की शादी का मुहूर्त था। ठीक उसी दिन पुलिस ने दामाद राहुल और सास अनीता को पकड़ लिया गया है। पुलिस पूछताछ में सास सपना ने कहा कि उसका पति आए दिन शराब पीकर मारपीट करता है। इसी वजह से वो राहुल के साथ भागने का फैसला लिया। सपना ने पुलिस अधिकारियों से गुजारिश की कि उसे मडराक थाने नहीं भेजा जाए उसे दादो थाने में ही रखा जाए। पुलिस की पूछताछ में महिला (सास) ने बताया कि आए दिन पति शराब पीकर मारपीट करता था। उसने पति को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। साथ ही यह भी कहा कि वह अब अपना जीवन राहुल के साथ ही बिताना चाहती है। महिला ने बताया कि बेटी की शादी राहुल के साथ तय होने के बाद जब कभी राहुल का फोन आता था। वह राहुल से बात करती थी, इसी बात पर बेटी भी तरह-तरह के आरोप लगाती थी। पति भी गाली-गलौच करते हुए राहुल के साथ भाग जाने की धमकी देता था, जबकि प्रेमी राहुल ने बताया कि 6 अप्रैल को सपना अलीगढ़ से चलकर कासगंज पहुंची थी। हम वहां पहले पहुंच गए थे, जिसके बाद हम लोग बस में सवार होकर बरेली पहुंचे। इसके बाद बिहार के मुजफ्फरपुर गए। दो दिन पहले वहां मोबाइल खोल कर देखा, तो सोशल मीडिया पर हम लोगों के भागने की चर्चा हो रही थी। इसी को देखते हुए हम लोग बस में सवार होकर मुजफ्फरपुर से दिल्ली पहुंच गए। वहां से हम लोग फिर नेपाल बार्डर पहुंचे। वहां से नेपाल जाने वाले थे, तभी पुलिस ने पकड़ लिया। हम भागते- भागते थक चुके हैं। पुलिस सास और दामाद की इस लव स्टोरी को कई एंगल से जांच कर रही है। पुलिस ने दोनो को भागने में मदद करने वाले राहुल के जीजा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो चौंका देने वाला मामला सामने आया। पुलिस की जांच के अनुसार यह कोई पहली बार नहीं है, जब राहुल किसी को लेकर भागा हो। इससे पहले वह पडोसी गांव की एक महिला को लेकर भागा था और दोनों 2 महीने बाद वापस आए थे, तब लड़की के घर वालों ने कोई शिकायत नहीं की थी। एसपी ग्रामीण अमृत जैन ने बताया कि दोनों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। जल्दी ही दोनों को मीडिया के सामने पेश कर मामले का खुलासा किया जाएगा। मडराक थाना के गांव मनोहरपुर कायस्थ निवासी जितेंद्र कुमार की बेटी शिवानी की शादी 16 अप्रैल को दादों थाना के गांव रिया नगला निवासी ओमवीर सिंह के बेटे राहुल के साथ होनी थी।

# किसान दिवस में डीएम के न आने पर भड़के किसान, किया हंगामा

## डीएम के पहुंचने पर शुरू हुआ कलेक्ट्रेट में किसान दिवस ▶ बिजली, पानी व चकबंदी की आड़ में पनपते भ्रष्टाचार पर रोष






**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** जिला पंचायत सभागार में बुधवार को डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुए किसान दिवस में बिजली, पानी, सड़क, फर्जी रिपोर्ट, चकबंदी और बिजली के बिलों के अधिक आने के अलावा थाना और तहसीलों में बढ़ रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए इसमें सुधार कराने की मांग की। वहीं पुरबालियान के लोगों ने चकबंदी पूरी न होने पर विरोध दर्ज कराने के साथ नाराजगी भी व्यक्त की। सभागार से किसी मुद्दे को लेकर किसान आपस में उलझ गए, जिसके चलते वहां काफी देर तक हंगामे जैसी स्थिति बन गई। इस बीच भाकियू जिला अध्यक्ष नवीन राठी और पीनना निवासी सुमित मलिक के बीच भी झड़प हो गई। बुधवार को जिला पंचायत सभागार में किसान दिवस में डीएम व एसएसपी के न आने को लेकर किसानों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए किसान दिवस को शुरू नहीं होने दिया। इसके बाद एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह और नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप मौके पर पहुंचे, लेकिन फिर भी वहां मौजूद किसानों ने किसान दिवस की कार्रवाई को शुरू नहीं होने दिया। करीब आंधे घंटे बाद डीएम उमेश मिश्रा किसान दिवस में पहुंचने पर किसान दिवस की कार्रवाई शुरू हो सकी। इस बीच डीडी कृषि संतोष यादव ने बताया कि पिछले किसान दिवस में आयी शिकायतों में से 58 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। वहीं पांच शिकायतें शेष रह गई है। किसान दिवस में पुरबालियान गांव से पहुंचे लोगों ने चकबंदी का मामला उठाते हुए उत्पीड़न से बचाने के लिए डीएम से गुहार करते हुए कहा कि तीन दशक से ज्यादा समय हो गया है, लेकिन अभी तक गांव में चकबंदी की प्रक्रिया के तहत कब्जा परिवर्तन नहीं किया जा रहा है। महिलाओं के जेवर बिक गए व पुरुषों के मेहनत की कमाई चकबंदी में भ्रष्ट व्यवस्था की भेंट चढ़ गई, लेकिन आज भी गांव के किसान परेशान हैं। इसके साथ शहर की कुछ इलाकों का जिक्र करते हुए एकता विहार, शाहबुदीनपुर रोड एवं रामपुरी के कुछ हिस्सों में दूषित पानी की आपूर्ति होने और जनपद के कई हिस्सों में अघोषित विद्युत कटौती का मुद्दा उठाते हुए किसानों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई। इस दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी, धीरज लाटियान, नीरज पहलवान, डब्बू चौधरी, विक्रांत, रामपाल, सोनू, राकेश, सुभाष, जितेन्द्र, रामधन, रामपाल, राजेन्द्र, विरेन्द्र, राकेश, संजीव, उमेश, रहतु सिंह, मोहन कुमार, राजसिंह, धीरसिंह, मनोज आदि दर्जनों किसान मौजूद रहे।

### डीएम ने किसानों से की गुड़ की गुणवत्ता सुधारने की अपील

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** किसान दिवस में डीएम उमेश मिश्रा ने एशिया की प्रमुख गुड़ मंडी में आने वाले गुड़ की घटती जा रही गुणवत्ता को लेकर चिंता जाहिर करने के साथ बैठक में मौजूद किसानों और ग्रामीणों से गुड़ की गुणवत्ता को सुधारने के लिए सहयोग के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों से इस दौरान गुड़ उत्पादन हेतु गन्ने की नवीनतम प्रजातियों एवं प्राकृतिक गन्ना उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि गुड़ के रूप में विदेशों तक मुजफ्फरनगर जनपद की अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गुड़ निर्माण में एक जनपद- एक उत्पाद के अन्तर्गत कोल्हू संचालकों को 25 प्रतिशत की सब्सिडी पर लोन उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं कोल्हू संचालकों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था सरकार करने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि इसके लिए लागत मूल्य को कम किया जाये। इसकी ऑन लाईन मार्केटिंग को बढ़ावा देने और गन्ना कोल्हू उद्योग के संवर्धन हेतु सिंगल विण्डो क्रेडिट सिस्टम लागू किया जायेगा। इसके लिए विभागीय समन्वय बनाकर काम करने की व्यवस्था हम करने जा रहे हैं। वहीं गन्ना कोल्हू उद्योग के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले कोल्हू संचालकों को ब्रांड अम्बेसडर के रूप में भी नेतृत्व दिया जायेगा।

### दिल्ली सरकार ने न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी की

**नयी दिल्ली 15 अप्रैल (वार्ता)** दिल्ली सरकार ने मंगलवार को सभी श्रेणियों के श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की। ये नई दरें एक अप्रैल, 2025 से लागू होंगी। इस संबंध में सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार का कहना है कि यह बढ़ोतरी महंगाई को ध्यान में रखते हुए की गई है जिससे श्रमिकों को आर्थिक राहत मिलेगी। श्रम विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अकुशल श्रमिकों की मासिक मजदूरी को 18,066 रुपये से बढ़ाकर अब 18,456 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह अर्द्ध कुशल श्रमिक की मासिक मजदूरी को 19,929 रुपये से बढ़ाकर 20,371 रुपये प्रतिमाह कर दिया है तथा कुशल श्रमिक की मजदूरी 21,917 रुपये से बढ़ाकर 22,411 रुपये कर दी गई है।

### शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

**मुंबई 16 अप्रैल (वार्ता)** अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते व्यापार तनाव से विश्व बाजार में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 309.40 अंक की छलांग लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 77,044.29 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.65 अंक की बढ़ोतरी लेकर 23437.20 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के साथ ही मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,746.22 अंक और स्मॉलकैप 0.91 प्रतिशत उछलकर 47,698.35 अंक हो गया।

### मणिपुर में 11 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, 16 अप्रैल (वार्ता)** मणिपुर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने पिछले 24 घंटों में चार अलग-अलग घटनाओं में 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बुधवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के हीरोक-पीएस के अंतर्गत बाजार के पास से चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोग थौबल जिले के आम लोगों से जबरन वसूली में शामिल थे। उनके पास से पिस्तौल और हथगोला बरामद किया गया। एक अन्य घटना में मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के वेइथौ चिरू से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया। वह इंफाल और उसके आसपास के क्षेत्र में आम लोगों से धन की मांग/धमकी देकर जबरन वसूली की गतिविधियों में संलिप्त था।

### पुलिस चौकी पर हमला करने वालों के खिलाफ मुकदमा

**बदायूं 16 अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के सिविल लाइन क्षेत्र में अंबेडकर जयंती के दिन पुलिस चौकी पर हमला करने और राजमार्ग जाम करने के आरोप में पुलिस ने 16 नामजद और 59 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 14 अप्रैल को जुलूस के दौरान एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था जिसके बाद आक्रोशित भीड़ ने थाना सिविल लाइंस की शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी में जमकर तोड़फोड़ की और तमंचे समेत हथियार भी लहराए। डीजे वाहन पर पथराव किया गया। घटना के समय पुलिस चौकी पर बहुत कम स्टाफ था जो उग्र भीड़ को देखकर वहां से भाग खड़ा हुआ। उग्र भीड़ ने एक घंटे तक बरेली आगरा राजमार्ग हाईवे जाम रखा। पुलिस ने सीसीटीवी और वायरल वीडियो के आधार पर 16 नामजद व 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### शाहजहांपुर में पुत्रवधु की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या

**शाहजहांपुर 16 अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के कांट क्षेत्र में बुधवार सुबह मामूली विवाद में ससुर ने अपनी पुत्रवधु की गर्दन पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी। घटना के बाद से आरोपी ससुर मौके फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि गांव हठीपुर कुरिया निवासी सुमित्रा (30) का उसके ससुर राजपाल से किसी बात को लेकर हुए विवाद हो गया। बहू की बात से नाराज राजपाल ने कुल्हाड़ी से प्रहार करके उसकी हत्या कर दी। घटनास्थल से ग्रामीणों से हुई पूछताछ के अनुसार आरोपी अक्सर शराब पीता था और संभवतः मृतका से इसकी कुछ कहा सुनी हो गई, जिसके चलते उसने घर में रखी कुल्हाड़ी से प्रहार करके उसकी हत्या कर दी।

### नैनी में युवक की हत्या, कब्रिस्तान में फेंका शव

**प्रयागराज,16 अप्रैल (वार्ता)** प्रयागराज के नैनी कोतवाली के अरैल स्थित करबला कब्रिस्तान में बुधवार सुबह एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नैनी कोतवाली के अरैल स्थित करबला कब्रिस्तान में बुधवार भोर में एक युवक का शव लोगों देखकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव की शिनाख्त उसी क्षेत्र क्षेत्र के मुरादपुर निवासी मोहसिन खान (22) के रूप में की। उन्होंने परिजनों के हवाले से बताया कि मंगलवार शाम को वह किसी शादी आयोजन में खाना बनाने के लिए गया था लेकिन देर रात तक नहीं लौटा।

### सपा ने अखिलेश के लिये मांगी एनएसजी सुरक्षा

**लखनऊ 16 अप्रैल (वार्ता)** सपा ने केंद्र सरकार से पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिये एनएसजी सुरक्षा बहाल करने की मांग की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फखरुल हसन चांद द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री को बुधवार को भेजे एक पत्र में कहा गया है कि सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है जिसके अध्यक्ष को पिछले दिनो जानलेवा हमलों की धमकी खुलेआम दी गयी है जिस पर राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है। चूंकि पार्टी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी आते जाते रहते हैं, इसलिये उनकी जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा के साथ साथ एनएसजी कवर भी दिया जाना जरुरी है।

# अवैध शराब तस्कर गिरफ्तार कर जेल भेजा

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** थाना भौराकलां पुलिस द्वारा एक अवैध शराब तस्कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 44 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद भी किए है। डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की पकड़-धकड़ कार्रवाई में मुजफ्फरनगर की भौरा कलां थाना पुलिस ने अवैश शराब तस्कर आरिफ पुत्र मौसम निवासी ग्राम शिकारपुर थाना भौराकलां, मुजफ्फरनगर को अवैध देसी शराब के 44 पव्वे बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया। इस अभियान में मुख्यतः पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी फुगाना सुश्री ऋषिका सिंह तथा थानाध्यक्ष भौराकलां पवन कुमार की अहम भूमिका रही। थाना भौराकलां पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना इस शातिर अवैध शराब तस्कर अभियुक्त को शिकारपुर-भौराकलां मार्ग पर ग्राम गढीनौआबाद के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 44 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की गयी और आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0-40/2025 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी और आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।



### होण्डा शोरूम में चोरी

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** थाना खालापार क्षेत्र में चोरों के आतंक जारी है, यहां चोर पिछले कई दिनों से विकास भवन के सामने स्थित होंडा शोरूम में सेंधमारी कर कई बार चोरी की घटना को अंजाम दे चुके है। जिसके चलते मंगलवार की रात भी चोरों ने शो रूम में घुसकर सीसीटीवी तोड़े और 55 ईंच की एलईडी चोरी कर ली। बुधवार सुबह जब शो रूम खोला गया तो घटना का खुलासा हुआ। पुलिस ने मौके पर सर्विस मैनेजर की काल पर घटनास्थल का अवलोकन करने के बाद चोरों की तलाश शुरू की। बताया जा रहा है कि शक के आधार पर खालापार पुलिस ने एक युवकों हिरासत में लेकर पूछताछ की, चोर इतने शातिर थे कि अपनी पहचान छिपाने के लिए पहले वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को टारगेट किया। दो कैमरों को तोडने के बाद चोरों ने यहां से 55 ईंची की एलईडी को चोरी किया और नो दो ग्यारह हो गए। जिसकी सूचना सर्विस मैनेजर मनोज कुमार निवासी दूधाधारी ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

## पंजाबी बैसाखी मेला एवं म्यूजिक नाइट से सम्बंधित छायाचित्र













# प्लास्टिक गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** बुधवार को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जानसठ रोड पर प्लास्टिक के गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। दमकल को दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में हजारों रुपये नुकसान होना बताया जा रहा है। आपको बता दें कि जानसठ रोड पर तावली निवासी शाकिर का प्लास्टिक को गोदाम है। बुधवार को दोपहर के समय अचानक गोदाम में किसी कारण से पड़े प्लास्टिक में आग लग गयी। आनन-फानन में आग की सूचना गोदाम स्वामी ने दमकल विभाग को दी। जानकारी मिलने पर एफएसओ आरके यादव दो गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। गाड़ियों के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने गोदाम मालिक के गोदाम में लगी आग बुझाने के प्रयास किये। काफी हद तक आग को स्थानीय लोगों द्वारा काफी हद तक काबू पा लिया गया। बाद में मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर पूरी तरह काबू पाया। आग से गोदाम मालिक ने गोदाम में हजारों रुपये का नुकसान होना बताया है। आग के कारणों का पता किया गया तो शॉर्ट सर्किट से आग लगने का कारण सामने आया। गोदाम मालिक ने बताया कि घटना के समय गोदाम में पानी का मोटर चल रहा था। माना जा रहा है कि मोटर फुंक जाने के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ और तारों में आग लग गई और देखते ही देखते आग प्लास्टिक की बोरियों आग में स्वाह हो गयी।

# सिटी मजिस्ट्रेट दफ्तर में महिला को खून की उल्टी, मजिस्ट्रेट ने अपनी कार से भिजवाया अस्पताल

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** मंगलवार दोपहर सिटी मजिस्ट्रेट ऑफिस के बाहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जबकि मंसूरपुर थाना क्षेत्र के नरा गांव की रहने वाली सुरभि पत्नी भोला को अचानक खून की उल्टी होने लगी और उसकी नाक से भी खून बह निकला। महिला की हालत खराब होने की जानकारी पर सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप तुरंत बाहर आए और अपनी गाड़ी से महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। दरअसल, सुरभि को डूडा द्वारा काशीराम आवास योजना के तहत घर आवंटित किया गया था, लेकिन उस समय वो दिल्ली के एम्स में भर्ती थी, जिसके कारण घर का आवंटन नहीं हो सका। पिछले चार महीनों से वह लगातार अधिकारियों के पास चक्कर काट रही है। मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। बुधवार को आस टूटी तो वो सिटी मजिस्ट्रेट के दफ्तर के बाहर बैठकर फफक पड़ी, जिस कारण उसका बीपी बढ़ गया। सुरभि ने बताया कि वो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से पीड़ित है। महज 8 हजार रुपये महीना पगार की नौकरी करती है। उसने 2021 में काशीराम आवास योजना के तहत आवेदन किया था। जिस वक्त उसे छत मिलना था, वो एम्स में भर्ती थी। बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट से इसी बाबत मिलने आई थी। सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप के निर्देश पर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे उनके कर्मचारियों ने उसे इमरजेंसी में दिखाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि उसका ब्लड प्रेशर हाई होने की वजह से ऐसा हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने डूडा विभाग के अधिकारियों को तत्काल तलब किया। महिला की हालत देखकर डूडा विभाग के अधिकारियों को भी पसीने छूट गए। वो उस वक्त एक सुर में बस इतना कहते देखे गए कि मैडम आप टेंशन ना लें। आपका काम हो जाएगा। आपको घर जरूर आवंटित होगा। सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने आश्वासन दिया कि सुरभि की हर संभव मदद की जाएगी और उसकी समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।



### अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** थाना खालापार पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी आसिफ पुत्र शरीफ निवासी मस्जिद के पास मौहल्ला दीन मौहम्मद थाना खालापार जनपद मु. नगर का रहने वाला है, जिसको मेरठ रोड़ स्थित आयकर विभाग के गेट के सामने से गिरफ्तार किया गया है, जिस पर मु.अ.स.-68/2025 धारा 4/25 आर्मस एक्ट में दर्ज किया गया है, जिसके पास से एक अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया, जिसको जेल भेज दिया गए।

### खालापार पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** थाना खालापार पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त को मस्कन खालसापट्टी सुजडू क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी सिराजू पुत्र हनीफ निवासी खालसा पट्टी सुजडू थाना खालापार है, जिस पर वाद सं. 1167/17 अ.स. 19/04 धारा 392/411 दर्ज है, जबकि आरोपी के खिलाफ पूर्व में आर्म्स एक्ट में नगर कोतवाली व थाना मंसूरपुर में करीब चार मुकदमे दर्ज है।

# मजदूर के बर्फ के ठेले को ट्रैक्टर से कुचलकर परिवार के साथ की मारपीट

**भोपा, 16 अप्रैल (बु.)।** गांव ढांसरी में गंगनहर के पुल से गुजर रहे ठेला मालिक को रास्ता मांगने पर ट्रैक्टर चालक ने गाली गलौच व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने ककरौली थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की गुहार लगाई है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी लता पत्नी धर्मवीर कश्यप ने थाने आकर बताया कि परिवार का ही विमल कश्यप ठेले पर बर्फ बेचकर परिवार की आजीविका चलाता है। विमल गांव स्थित नहर के पुल से गुजर रहा था कि सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक से विमल ने रास्ता देने को कहा, जिस पर ट्रैक्टर चालक ने उल्टे विमल को गाली गलौच व मारपीट कर उसके बर्फ के ठेले को ट्रैक्टर से कुचल दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद गुर्जर समाज के दर्जनों व्यक्ति कश्यप समाज के घर में घुस आये और लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी, जिसमें लता सहित परिवार के विपिन, मुन्नी, सोहनवीर घायल हो गये। वहीं मारपीट की वीडियो बना रहे डॉ. स्वराज कश्यप को आरोपियों ने छत से नीचे फेंक दिया तथा डॉ. स्वराज की गर्भवती पत्नी नीतू के साथ भी मारपीट की गयी। घायल डॉ. स्वराज को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित परिवार ने ककरौली थाने में पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### आतंक का पर्याय बन चुके विनोद गड़रिया पर अब एक लाख रुपए का इनाम घोषित

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** डकैती की वारदात में वेस्ट यूपी में आंतक का पर्याय बन चुके सरगना विनोद गडरिया पर अब एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है, जबकि उसके साथी संदीप पर ईनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपए बढ़ा दी गई है। गडरिया गिरोह पर तीन दर्जन के करीब आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल ने बताया कि मेरठ जोन व अपर पुलिस महानिदेशक में फरार चल रहे विनोद गडरिया पर ईनाम राशि बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दी है, जबकि साथी संदीप पर 50 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया था। दोनों काफी समय से फरार चल रहे है। इनकी गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें गठित है। इन ग्रुप के आरोपी थाना शाहपुर, नई मंडी आदि थानों में हुई डकैती में वांछित है। गडरिया गिरोह ने सबसे पहले 2013 में शामली इलाके में पहली डकैती डाली थी, तभी से यह गैंग अपराधों को अंजाम देता आ रहा है। कुछ समय पहले पुलिस ने गिरोह के शातिर अपराधी अजयवीर सिंह को मुठभेड़ में मारकर गिराया था व इनके अन्य साथियों को मुठभेड़ में दबोचा था।

### महाराष्ट्र में उपद्रवियों के पथराव में चार अधिकारी समेत 21 पुलिसकर्मी घायल

**नासिक, 16 अप्रैल (वार्ता)** महाराष्ट्र के जिला नासिक स्थित काठे गली इलाके में बुधवार को उपद्रवी भीड़ ने पत्थरबाजी की, जिसमें चार अधिकारी सहित 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक नासिक में 'अवैध' सतपीर दरगाह को हटाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ उस समय उग्र हो गई, जब तड़के करीब 05:30 बजे पुलिस और नगर निगम ने निर्माण को हटाना शुरू किया। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। नासिक पुलिस ने 15 दिन पहले शहर के काठे गली इलाके में स्थित सतपीर दरगाह के 'अवैध' निर्माण को ध्वस्त करने का नोटिस जारी किया था, लेकिन निर्माण नहीं हटाए जाने पर आज सुबह पुलिस और नगर निगम ने कार्रवाई शुरू की।

# मुरादाबाद में कारोबारी से नगदी और गहने लूटे

**मुरादाबाद, 16 अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के कटघर क्षेत्र में पीतल कारोबारी व रियल एस्टेट से जुड़े बड़े कारोबारी को गन प्वाइंट पर लेकर 15 लाख रुपये नकद ,85 ग्राम सोने के जेवरात, एक लाइसेंसी रिवाल्वर और मोबाइल समेत अन्य सामान लूटकर बदमाश फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार रणविजय सिंह ने बुधवार को बताया कि चोरी की घटना कटघर थाना क्षेत्र के रिहायशी इलाके ज़िगर कंपाउंड स्थित पीतल कारोबारी शम्सुर्रहमान के घर की है। घटना की सूचना आज सुबह मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष कुमार सिंह समेत थाना पुलिस तथा फारेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई थी। टीम ने मौका मुआयना कर कारोबारी से घटना की जानकारी ली। तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज.कर लिया गया है। फोरेंसिक टीम साक्ष्य इकट्ठा कर रही है।

एसपी सिटी ने बताया प्रथम दृष्ट्या घटना में शामिल किसी परिचित को माना जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुए जांच में जुटी हुई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कटघर थाना क्षेत्र के पंडित नंगला में ज़िगर कंपाउंड में लगभग तीन बजे पीतल तथा रियल एस्टेट से जुड़े बड़े कारोबारी हाफि ज शम्सुर्रहमान के महलनुमा घर पर सशस्त्र बदमाशों ने धावा बोल दिया। पीड़ित का आरोप है कि नकदी, सोने के जेवरात, लाइसेंसी रिवाल्वर और मोबाइल समेत अन्य सामान लूट कर बदमाश जाते समय उन्हें शौचालय में बंद कर गए। बदमाशों की संख्या चार थी। उन्हें गन प्वाइंट पर लेकर तिजोरी में रखें 15 लाख रुपये नकद, 85 ग्राम सोने के जेवरात तथा एक लाइसेंसी रिवाल्वर और मोबाइल फोन समेत अन्य सामान बदमाश लूट लिया। शम्सुर्रहमान ने आगे बताया कि आज सुबह लगभग नौ बजे विवाहिता बेटी के घर पहुंचने पर उन्हें शौचालय से बाहर निकाला गया। थाना कटघर पुलिस को तत्काल घटना की बाबत सूचना दे दी गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। पूछताछ करने के बाद घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। फोरेंसिक टीम साक्ष्य इकट्ठा कर रही है।

### यूपी के सभी जिलों में खुलेंगे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय

**लखनऊ, 16 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दफ्तर खोले जाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा है कि 1995 में गठन के बाद से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गतिविधियों, क्षेत्र, कार्यप्रकृति में व्यापक परिवर्तन आ चुका है। बदलते समय की आवश्यकताओं के दृष्टिगत इनमें बदलाव किया जाना चाहिए। बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 75 ज़िलों में 28 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। इन्हें 18 मंडलों पर पुनर्गठित किया जाए, साथ ही, प्रत्येक जिले में एक-एक कार्यालय स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मंडलों में औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं, वहां एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय बनाये जा सकते हैं।**

# काली पट्टी बांधकर वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने वाले नमाजियों को राहत

**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)।** वक्फ बिल संशोधन विरोध मामले में हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करने वाले मुस्लिम समाज के लोगों को कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया है। रमजान माह में अलविदा जुमे के अवसर पर वक्फ संशोधन प्रक्रिया का विरोध जताने वाले मामले में काली पट्टी बांधकर मस्जिदों में रोजेदारों को प्रशासन ने दो-दो लाख के मुचलके में पाबंध किया था। अब ये आरोपी प्रशासन के पास मुचलके भरने पहुंचे तो मजिस्ट्रेट ने इन्हें जमानत पर रिहा कर दिया है। बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में ये आरोपी पहुंचे और कागजी कार्रवाई को पूरा करते दिखाई दिए। आपको बता दे कि रमजान माह के दौरान संसद में वक्फ संशोधन बिल लाने की प्रक्रिया चल रही थी। इस प्रक्रिया के तहत ही मुस्लिम समुदाय में रोष व्याप्त था। अलविदा जुमे के दौरान कुछ मुस्लिम धर्म गुरूओं की अपील पर कुछ मस्जिदों में रोजेदार हाथ में काली पट्टी बांधकर नमाज अदा करने पहुंचे थे। प्रदर्शन की आशंका के तहत पुलिस प्रशासन ने पहले से ही तैयारी कर रखी थी। इस तैयारी को देखते हुए विरोध सड़कों पर तो नहीं दिखाई दिया पर मस्जिदों के अंदर कुछ नमाजी बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर पहुंचे थे। पुलिस ने इनकी पहचान वीडियो ग्राफी से करते हुए इन पर मुचलका पाबंद करने की कार्रवाई की थी। जितनों की पहचान हो पाई उन पर दो-दो लाख के मुचलका पाबंद करने की कार्रवाई खालापार, शहर, सिविल लाईन नई मंडी कोतवाली पुलिस द्वारा की गई। बुधवार को करीब दर्जन भी आरोपी लोग नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय का चक्कर लगाते हुए देखे गये। मालूम चला कि ये लोग मुचलका भरने पहुंचे थे। इनमे कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने खुद पर की गई कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए आपत्ति पत्र दाखिल किया।







### यूपी में 11 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ 16 अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार रात भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 11 अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि नीलाब्जा चौधरी अपर पुलिस महानिदेशक, एटीएस, लखनऊ को अपर पुलिस महानिदेशक, सी.आई.डी., लखनऊ बनाया गया है जबकि अजय कुमार मिश्रा पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज बनाया गया है। उन्होने बताया कि जे. रविन्द्र गौड़ पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट आगरा को पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद बनाया गया है वहीं दीपक कुमार पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र, आगरा को पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट आगरा बनाया गया है। प्रेम कुमार गौतम पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज को पुलिस महानिरीक्षक, ए.टी.एस., लखनऊ बनाया गया है। शैलेश कुमार पाण्डेय पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा को पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र, आगरा बनाया गया है। श्लोक कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा बनाया गया है जबकि दिनेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक, बाराबंकी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलन्दशहर बनाया गया है। प्रेमचंद पुलिस अधीक्षक, पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ को सेनानायक, 06वीं वाहिनी पीएसी, मेरठ बनाया गया है। अर्पित विजयवर्गीय पुलिस अधीक्षक, बागपत को पुलिस अधीक्षक, बाराबंकी बनाया गया है। सूरज कुमार राय सेनानायक, 06वीं वाहिनी पीएसी, मेरठ को पुलिस अधीक्षक, बागपत बनाया गया है।